# शिवराज ने लॉन्च किया प्रगति प्रोजेक्ट

**20 लाख किसान होंगे सशक्त**

**नई दिल्ली, 7 जुलाई। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को प्रगति नामक एक राष्ट्रीय पहल का शुभारंभ किया, जिसका उद्देश्य 20 हजार ग्रामीण युवाओं को कृषि-उद्यमी बनाकर देशभर के 20 लाख छोटे और सीमांत किसानों की आय, उत्पादकता और आजीविका में व्यापक सुधार लाना है.**

यह बहु-साझेदार पहल भारत में समावेशी, टिकाऊ और जलवायु-संवेदनशील कृषि परिवर्तन की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है. अपने संबोधन में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि विकसित भारत का सपना विकसित कृषि और समृद्ध गांवों के बिना संभव नहीं है. उन्होंने कहा कि सरकार का फोकस केवल उत्पादन बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि लागत घटाकर किसानों की आय बढ़ाना, फसल विविधीकरण को बढ़ावा देना और कृषि को लाभकारी बनाना है.



उन्होंने जोर देते हुए कहा कि छोटे जोत वाले किसानों के लिए पारंपरिक खेती पर्याप्त नहीं है, इसलिए वैल्यू एडिशन, प्रोसेसिंग और कृषि आधारित उद्यमिता को बढ़ावा देना जरूरी है. उन्होंने बताया कि 'प्रगति' इसी सोच का विस्तार है, जो किसानों को तकनीक, मशीनीकरण, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन और बाजार से जोड़कर उनकी वास्तविक आय बढ़ाने का रास्ता तैयार करेगा.

> कार्यक्रम के तहत तैयार किए जाने वाले कृषि-उद्यमी गांव स्तर पर सलाह, मिट्टी परीक्षण, मशीन सेवाएं, वित्तीय लिंक, बाजार कनेक्ट और वैकल्पिक आय के अवसर उपलब्ध कराएंगे. चौहान ने कहा कि केवल खेती करने से काम नहीं चलेगा, हमें वैल्यू एडिशन और विविधीकरण की ओर बढ़ना होगा- बागवानी, पशुपालन, मत्स्य पालन और मधुमक्खी पालन जैसे क्षेत्रों से किसानों की आय में गुणात्मक वृद्धि संभव है. उन्होंने तकनीक के उपयोग, ड्रोन, डिजिटल सलाह और वैज्ञानिक खेती को भविष्य का आधार बताया.

# देशभर के 23 राज्यों में भारी बारिश की चेतावनी

**नई दिल्ली , 7 जुलाई. देश में दक्षिण-पश्चिम मानसून ने पूरी रफ्तार पकड़ ली है और इसका प्रभाव अब लगभग पूरे भारत में दिखाई दे रहा है. भारतीय मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में कई राज्यों में भारी से अति भारी वर्षा का सिलसिला जारी रहने की संभावना है.**

महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, बिहार, दिल्ली-एनसीआर, मध्य प्रदेश, ओडिशा, झारखंड, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, गुजरात, राजस्थान और उत्तराखंड सहित 23 राज्यों के लिए विभिन्न स्तर के अलर्ट जारी किए गए हैं.

सबसे अधिक चिंता महाराष्ट्र के कोंकण, मध्य महाराष्ट्र और तटीय कर्नाटक क्षेत्रों को लेकर जताई गई है, जहां अत्यधिक भारी बारिश की संभावना है. लगातार बारिश के कारण निचले इलाकों में जलभराव, नदी-नालों के उफान और भूस्खलन का खतरा बढ़ गया है. प्रशासन ने संवेदनशील क्षेत्रों में राहत एवं बचाव दलों को अलर्ट पर रखा है. उत्तर प्रदेश, बिहार और दिल्ली-एनसीआर में भी गरज-चमक के साथ तेज बारिश और 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना व्यक्त की गई है.

महाराष्ट्र, यूपी, बिहार, दिल्ली-एनसीआर में जारी हाई अलर्ट



> लगातार खराब मौसम का असर रेल सेवाओं पर भी पड़ा है. कई ट्रेनों को रद्द करना पड़ा है, जबकि कुछ ट्रेनों का मार्ग बदला गया है. जलभराव और पेड़ गिरने से यातायात प्रभावित हुआ है. अगले 24 से 48 घंटे कई राज्यों के लिए बेहद संवेदनशील हो सकते हैं. बिजली गिरने के दौरान खुले स्थानों से दूर रहने, जलभराव में जाने से बचने तथा प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की सलाह दी गई है.

## एक नजर में

### परिवार पर चढ़ा ट्राला तीन बच्चों की मौत

**जयपुर.** राजधानी जयपुर में मंगलवार सुबह हुए एक भीषण हिट एंड रन हादसे में एक परिवार की खुशियां पलभर में उजड़ गई. अजमेर रोड स्थित 200 फीट बाइपास पर तेज रफ्तार से आ रहे एक बेकाबू ट्रॉले ने सड़क किनारे सार्वजनिक वाहन का इंतजार कर रहे परिवार को कुचल दिया. इस दर्दनाक दुर्घटना में तीन बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके माता-पिता गंभीर रूप से घायल हो गए. दोनों का अस्पताल में उपचार जारी है. ट्रॉला अचानक अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे लगी लोहे की सुरक्षा रेलिंग को तोड़ते हुए करीब 100 मीटर तक आगे बढ़ता रहा. इसके बाद वह सड़क किनारे खड़े परिवार से टकरा गया. टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों बच्चों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया, जबकि माता-पिता गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े.

### चीन के परीक्षण से प्रशांत महासागर में मचा हड़कंप

**वॉशिंगटन.** चीन ने सोमवार को प्रशांत महासागर में अपनी परमाणु पनडुब्बी से एक बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया. इस कदम के बाद एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा और सामरिक संतुलन को लेकर नई चिंताएं सामने आ गई हैं. चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) ने कहा कि यह परीक्षण उसकी वार्षिक सैन्य गतिविधियों का हिस्सा था और अंतरराष्ट्रीय नियमों के तहत संबंधित देशों को इसकी पूर्व सूचना भी दी गई थी. पीएलए नेवी ने बताया कि स्थानीय समयानुसार दोपहर 12:01 बजे परमाणु पनडुब्बी से डमी वारहेड के साथ एक रणनीतिक बैलिस्टिक मिसाइल दागी गई. मिसाइल ने प्रशांत महासागर के खुले समुद्री क्षेत्र में निर्धारित लक्ष्य को सफलतापूर्वक भेदा.

# लैंडस्लाइड से कई मजदूर मलबे में फंसे

**03** की मलबे में दबने से मौके पर मौत

**07** मजदूर अभी भी लापता हैं



**वायनाड, 7 जुलाई. केरल के वायनाड जिले में मंगलवार को हुए भीषण भूस्खलन ने भारी तबाही मचा दी. प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, हादसे में 3 मजदूरों की मौत हो गई, चार अन्य लापता हैं और सात लोग घायल हुए हैं.**

दुर्घटना अनक्कमपोयिल-कल्लाडी सुरंग सड़क परियोजना के वायनाड छोर पर निर्माण कार्य के दौरान हुई, जहां लगातार बारिश के कारण खुदाई से निकाली गई मिट्टी का विशाल ढेर अचानक ढह गया और कई मजदूर मलबे में दब गए. हादसा कल्लाडी स्थित मीनाक्षी पुल के समीप निर्माणाधीन सुरंग परियोजना स्थल पर हुआ. बताया जा रहा है कि पिछले कई दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण मिट्टी कमजोर हो गई थी. इसी बीच मिट्टी का बड़ा हिस्सा खिसक गया और कार्यस्थल का एक बड़ा भाग मलबे में दब गया. हादसे के समय वहां कई मजदूर काम कर रहे थे, जिनमें से कई इसकी चपेट में आ गए. घटना के तुरंत बाद पुलिस, अग्निशमन विभाग, आपदा प्रबंधन दल और अन्य बचाव एजेंसियां मौके पर पहुंचीं. राहत एवं बचाव अभियान युद्धस्तर पर जारी है.

# ट्रंप की पोस्ट से बढ़ा विवाद

**मेलोनी की ओर से इटली ने दिया जवाब**

**वॉशिंगटन, 7 जुलाई. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के बीच चल रही बयानबाजी ने नया मोड़ ले लिया है.**

ट्रंप ने सोमवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर मेलोनी के साथ एक तस्वीर साझा की, जिसके साथ उन्होंने जैसी टिप्पणी लिखी. इस पोस्ट के सामने आने के बाद इटली में राजनीतिक प्रतिक्रिया तेज हो गई और सरकार के वरिष्ठ मंत्रियों ने सार्वजनिक रूप से ट्रंप की टिप्पणी पर जवाब दिया. इटली के रक्षा मंत्री गुइडो क्रोसेटो ने एक समाचार चैनल से बातचीत में कहा कि



राजनीतिक नेतृत्व समय-समय पर बदलता रहता है, लेकिन देशों के बीच संबंध स्थायी होते हैं. लोग आते हैं और चले जाते हैं, उनका संकेत इस बात की ओर था कि व्यक्तिगत बयानबाजी को दोनों देशों के रणनीतिक और कूटनीतिक संबंधों पर हावी नहीं होने देना चाहिए.

इसी तरह इटली के विदेश मंत्री एंटोनियो तजानी ने भी ट्रंप की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उन्हें पूरा भरोसा है कि अमेरिका और इटली के बीच ट्रांस अटलांटिक साझेदारी पोस्ट से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है.

# एथेनॉल पर केजरीवाल का सवाल

**नई दिल्ली, 7 जुलाई. आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने एथेनॉल मिश्रित ईंधन के मुद्दे को लेकर केंद्र सरकार पर सवाल उठाते हुए एक महत्वपूर्ण संवाददाता सम्मेलन की घोषणा की है.**



केजरीवाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एथेनॉल मिश्रित ईंधन को जबरन लागू करने के खिलाफ भारत शीर्षक के साथ एक पोस्ट साझा कर बताया कि इस विषय पर विस्तृत जानकारी और महत्वपूर्ण तथ्य जनता के सामने रखे जाएंगे. केजरीवाल के इस पोस्ट के बाद एथेनॉल मिश्रित ईंधन को लेकर राजनीतिक बहस तेज हो गई है. आम आदमी पार्टी का कहना है कि यदि किसी नई ईंधन नीति को बड़े स्तर पर लागू किया जा रहा है, तो उससे जुड़े सभी पहलुओं पर पारदर्शिता और व्यापक जनचर्चा होनी चाहिए. पार्टी का आरोप है कि एथेनॉल मिश्रण से जुड़े कई ऐसे सवाल हैं, जिनका स्पष्ट जवाब देश की जनता को मिलना चाहिए. केंद्र सरकार पहले ही एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल कार्यक्रम को ऊर्जा सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बता चुकी है.

# इंडोनेशिया के शिव मंदिर में छिपी भारत की संस्कृति

**नई दिल्ली, 07 जुलाई. प्रधानमंत्री के प्रस्तावित इंडोनेशिया दौरे के दौरान दोनों देशों के संबंधों में एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक अध्याय भी जुड़ने जा रहा है.**

भारत जावा द्वीप पर स्थित ऐतिहासिक प्रांबानन मंदिर के संरक्षण और जीर्णोद्धार में सहयोग करेगा. लगभग 1170 वर्ष पुराना यह मंदिर भारत और इंडोनेशिया के बीच प्राचीन सांस्कृतिक रिश्तों का सबसे मजबूत प्रतीक माना जाता है. इंडोनेशिया आज दुनिया का सबसे बड़ा मुस्लिम आबादी वाला देश है, लेकिन इस्लाम के आगमन से पहले यहां हिंदू और बौद्ध सभ्यताओं का गहरा प्रभाव था. खास बात यह है कि इंडोनेशिया अपने इस प्राचीन इतिहास को न केवल स्वीकार करता है, बल्कि उसे अपनी सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा भी मानता है. जावा और बाली सहित कई क्षेत्रों में आज भी उस विरासत के अनेक प्रमाण मौजूद हैं. प्रांबानन मंदिर की कहानी भी बेहद रोचक है. 19वीं और 20वीं शताब्दी में पुरातात्विक खुदाई के दौरान मंदिर की दीवारों और पत्थरों पर संस्कृत तथा प्राचीन जावानी भाषा में लिखे शिलालेख मिले. इनमें 856 ईस्वी का उल्लेख और 'शिवगृह' नाम दर्ज था. इन अभिलेखों से स्पष्ट हुआ कि यह भगवान शिव को समर्पित मंदिर है.



भारत और इंडोनेशिया के रिश्तों का मजबूत प्रतीक

## आज का इतिहास

- 1994 - शिमाकी मुकाई जापान की प्रथम महिला अंतरिक्ष यात्री बनी
- 1999 - पापुआ न्यु गिनी प्रधानमंत्री बिल स्कोट का इस्तीफ़ा
- 2002 - दक्षिण अफ़्रीका में अश्वेत क्रिकेटरों के लिए कोटा प्रणाली समाप्त
- 2003 - सूडान में हुए विमान हादसे में 115 लोग मारे गये
- 2005 - जलवायु परिवर्तन के मुद्दे पर समूह-8 के देशों में सहमति बनी
- 2007 - भारत के 11वें प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर सिंह का निधन
- 2008 - पेरिस ने बांग्लादेश की विवादग्रस्त लेखिका तस्लीमा नसरीन को मानद नागरिकता देने का प्रस्ताव किया
- 2016 - पाकिस्तान के विश्व प्रसिद्ध ईधी फाउंडेशन के संस्थापक अब्दुल सत्तार

# सिया ने चेतन से पहले ही कर ली थी शादी

**विवाह पंजीकरण के दावे की पुलिस कर रही जांच**

मुंबई, 7 जुलाई. पुणे के चर्चित लोहागढ़ किला हत्याकांड में नया मोड़ सामने आया है. सूत्रों के अनुसार, मुख्य आरोपी सिया गोयल ने कारोबारी केतन अग्रवाल से तय शादी से कई महीने पहले ही अपने प्रेमी चेतन चौधरी से कथित तौर पर गुपचुप शादी कर ली थी.

सिया गोयल और चेतन चौधरी ने करीब चार महीने पहले स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत अपनी शादी का पंजीकरण कराया था. हालांकि, इसी साल फरवरी में सिया की सगाई पुणे के 25 वर्षीय रियल एस्टेट कारोबारी केतन अग्रवाल से हुई थी और दोनों की शादी नवंबर में होने वाली थी.यह भी पता लगा रहे हैं कि क्या विवाह प्रमाणपत्र मौजूद है, क्योंकि



ऐसा दस्तावेज जांच में अहम साक्ष्य साबित हो सकता है.विवाह पंजीकरण के दौरान गवाह के रूप में हस्ताक्षर करने वाले सिया के कॉलेज के दो दोस्तों से भी पूछताछ की जा रही है. जांचकर्ता एक इंस्टाग्राम अकाउंट से हटाई गई तस्वीरों को भी रिकवर करने की कोशिश कर रहे हैं. बताया जा रहा है कि इन तस्वीरों में सिया और चेतन शादी की वरमाला पहने नजर आ रहे थे, जो जांच में महत्वपूर्ण सबूत बन सकती हैं.

> 18 जून को लोहागढ़ किले पर केतन अग्रवाल की खाई में गिरने से मौत हो गई. जांच एजेंसियों को संदेह है कि यह एक सुनियोजित साजिश थी और सिया गोयल, केतन अग्रवाल से शादी नहीं करना चाहती थी. पुलिस जांच कर रही है कि दोनों ने कानूनी रूप से विवाह का पंजीकरण कराया था या नहीं.

### सरकारी नौकरी के लालच में बेटी ने ही मां को मारा

**जयपुर.** राजस्थान की राजधानी से दिल को दहला देने वाली खबर सामने आई है. जयपुर पुलिस ने तीन दिन पहले कथित हादसे में एक महिला की हुई मौत के मामले में बड़ा खुलासा किया है. यह मामला हादसे का नहीं बल्कि हत्या का था. महिला की हत्या उसकी अपनी बेटी ने उसकी जगह अनुकंपा नौकरी पाने के लिए करवाई थी. इस साजिश में परिवार के अन्य लोग भी शामिल थे. पुलिस ने इस मामले में मृतका की बेटी समेत सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. स हत्याकांड खुलासा करते हुए बताया कि तीन दिन पहले 4 जुलाई को प्रतापनगर थाना इलाके में 45 साल की महिला नीरज शर्मा की स्कॉर्पियो टक्कर से मौत हो गई थी.

### हाईकोर्ट से कॉकरोच पार्टी को मिली राहत

**नई दिल्ली.** दिल्ली हाईकोर्ट ने सोशल मीडिया पर शुरू हुई मुहिम 'कॉकरोच जनता पार्टी' के एक्स हैंडल को बहाल करने का आदेश दिया है. मंगलवार को पारित अपने फैसले में कोर्ट ने केंद्र सरकार के अकाउंट ब्लॉक करने के आदेश को रद्द कर दिया. न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने केंद्र के अवरोधक आदेश के खिलाफ सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दिपके द्वारा दायर याचिका पर यह फैसला सुनाया. सुनवाई के दौरान, सरकार की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पक्ष रखा. मेडिकल कॉलेजों में भर्ती के लिए होने वाली परीक्षा नीट के दोबारा आयोजन से पहले 'अराजकता' से बचने के लिए यह अकाउंट ब्लॉक किया गया था.



स्पेन में साइन फेर्मिन फेस्टिवल शुरू

## हस्तियों के ट्वीट



फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मक्रॉन ने हाल ही में सोशल मिडिया एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा कि सिरिएन्स और सीरियाई जीवन जीने के लिए एक और प्रयास की आवश्यकता है, क्योंकि यह पूरी तरह से विविधतापूर्ण है। मुझे गरिमा चाहिए, साहस चाहिए और दृढ़ संकल्प.

वर्तमान राष्ट्रपति और एक पूर्व हास्य अभिनेता वलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने हाल ही में सोशल मिडिया एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा कि अंकारा में अभी अहम काम बाकी है. हमें उम्मीद है कि नाटो समिट मज़बूत और फायदेमंद होगी. हमारी रक्षा क्षमताएँ बढ़ें और सुरक्षा सहयोग और मज़बूत हो.



# निधि बनीं संरक्षण विशेषज्ञ समूह अध्यक्ष

**रांची, 7 जुलाई. भारत ने वैश्विक प्रशासन और उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है.**

झारखंड कैडर की वरिष्ठ भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी एवं उपभोक्ता मामले विभाग की सचिव निधि खरे को संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास सम्मेलन के उपभोक्ता संरक्षण कानून एवं नीति पर अंतर-सरकारी विशेषज्ञ समूह के नौवें सत्र का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया है. यह उपलब्धि भारत के लिए गर्व का विषय मानी जा रही है. यह प्रतिष्ठित सम्मेलन छह से आठ जुलाई तक स्विट्जरलैंड के जिनेवा स्थित पैलेस डेस नेशंस में आयोजित किया जा रहा है.



झारखंड की आईएएस ने बढ़ाया भारत का मान

### अमरनाथ में 5 दिन में अंतर्ध्यान हुए बाबा बर्फानी

**श्रीनगर, 7 जुलाई.** पवित्र अमरनाथ यात्रा के दौरान इस वर्ष प्राकृतिक हिम से बनने वाले बाबा बर्फानी के यात्रा शुरू होने के कुछ ही दिनों में लगभग विलीन होने की खबर से श्रद्धालुओं में निराशा फैल गई है. अमरनाथ यात्रा सामान्यत: 57 दिनों तक चलती है और इसका समापन रक्षाबंधन के अवसर पर होता है. ऐसे में यात्रा के शुरुआती चरण में ही हिमलिंग के तेजी से पिघलने को लेकर कई सवाल उठने लगे हैं. जलवायु परिवर्तन, बढ़ते तापमान, प्राकृतिक परिस्थितियों में बदलाव और गुफा क्षेत्र में बढ़ती मानवीय गतिविधियां भी इस स्थिति को प्रभावित कर सकती हैं. बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की आवाजाही, गुफा के भीतर तापमान में बदलाव और अन्य पर्यावरणीय कारकों का वैज्ञानिक अध्ययन किया जाना चाहिए, ताकि भविष्य में बेहतर प्रबंधन किया जा सके.

## आयोजन

**नवभारत ने किया विकसित भारत लीडरशिप कॉन्क्लेव आयोजित**

# भारत को ऊर्जा आयातक से ऊर्जा निर्यातक बनाना होगा : नितिन

**नई दिल्ली, 7 जुलाई. नवभारत द्वारा विकसित भारत लीडरशिप कॉन्क्लेव 2026 के भव्य आयोजन में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बतौर मुख्य अतिथि भाग लेते हुए देश के इंफ्रास्ट्रक्चर, रोजगार सृजन और अर्थव्यवस्था को लेकर सरकार का विजन साझा किया.**

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में भाग लेते हुए देश के डिजिटल इकोसिस्टम और भविष्य की तकनीकी प्रगति पर अपने विचार रखे. इस महामंथन में देश के अग्रणी नेताओं, उद्योगपतियों और विचारकों ने




विकसित भारत 2047 के रोडमैप पर विस्तार से चर्चा करते हुए यह स्पष्ट किया कि भारत को एक वैश्विक महाशक्ति बनाने के लिए आधारभूत ढांचे का आधुनिकीकरण और डिजिटल परिवर्तन एक-दूसरे के पूरक हैं. नितिन गडकरी ने कहा कि दिल्ली में चल रही 1.67 लाख करोड़ रुपये की बुनियादी ढांचा परियोजनाएं इस बात का प्रमाण हैं कि सरकार गति और पैमाने दोनों पर काम कर रही है. देश की प्रगति का सीधा रास्ता विश्वस्तरीय सड़कों और प्रदूषण मुक्त शहरों से होकर गुजरता है. मिश्रित तेल के इस्तेमाल से गाड़ियों के इंजन खराब होने और माइलेज कम होने के दावे को भ्रामक बताते हुए गडकरी ने आलोचकों को सीधी चुनौती देते हुए कहा कि देश में ऐसी एक भी कार सामने नहीं आई है.

> केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नवभारत के 'विकसित भारत कॉन्क्लेव' में कहा कि सरकार अल नीनो जैसी मौसमी चुनौतियों से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है. किसानों के खेतों को बचाने के लिए केंद्र और राज्य मिलकर अभियान चला रहे हैं और खाद में मिलावट रोकने के लिए सख्त कानून लाने की तैयारी भी है. मंत्री ने जोर देकर कहा कि हर संवेदनशील जिले के लिए अलग रणनीति बनेगी.

> केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने डिजिटल मोर्चे पर भारत की बदलती तस्वीर को रेखांकित करते हुए कहा कि बिना एक स्पष्ट दृष्टिकोण के इतनी बड़ी जनसांख्यिकी को सही दिशा देना असंभव है। देश का डिजिटल इकोसिस्टम और दूरसंचार नेटवर्क दूरदराज के क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ रहा है. देश के भविष्य को संवारने वाली नीतियों को आकार देना वैश्विक महाशक्ति के रूप में स्थापित करने के लिए उद्योगपतियों और नीति निर्माताओं को एक साझा मंच प्रदान करना था.

**भारतीय खाद्य निगम**
क्षेत्रीय कार्यालय, चेतक भवन महाराणा प्रताप नगर, भोपाल 462011- (म.प्र.) phone:0755-2573444, FAX: 0755-2573418, E-mail:- gmmp@fci.gov.in

ROMP-20016/1/2025-Coord-ROMP /369536 Date-05.06.2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

मध्य प्रदेश क्षेत्र में एक वर्ष की अवधि के लिए प्रति मीट्रिक टन के आधार पर एफसीआई के निर्दिष्ट प्रेषण डिपो से नामित प्राप्ति डिपो तक डोर-टू-डोर डिलीवरी के आधार पर कंटेनरीकृत वैगनों में खाद्यान्न के परिवहन के लिए सेवा प्रदाता की नियुक्ति के लिए Government E Marketing Portal (URL:https://gem.gov.in) पर online प्रस्ताव आमंत्रित किये गये है। निविदा के बारे में विस्तृत विवरण वेबसाइट www.fci.gov.in & www.gem.gov.in पर उपलब्ध विस्तृत एनआईटी एवं एमटीएफ में देखा जा सकता है । किसी विवाद की स्थिति में निविदा आमंत्रण सूचना का अंग्रेजी रूपांतरण मान्य / वैध होगा।

महाप्रबंधक (क्षेत्र)

**मांग नोटिस**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) की धारा 13(2) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 (उक्त नियम) के नियम 3(1) के अंतर्गत। उक्त नियमों के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, IIFL होम फाइनेंस लिमिटेड (IIFL HFL) (जिसे पहले इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) के प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत डिमांड नोटिस जारी किया है, जिसमें उधारकर्ता(ओं) से उन्हें जारी किए गए संबंधित डिमांड नोटिस(ओं) में उल्लिखित राशि चुकाने का आह्वान किया गया है। उपरोक्त के संबंध में, उधारकर्ता(ओं) को इस नोटिस के प्रकाशन से 60 दिनों के भीतर नीचे दर्शाई गई राशि का भुगतान डिमांड नोटिस की तिथि(ओं) से भुगतान की तिथि तक के अतिरिक्त ब्याज सहित करने के लिए सूचित किया जाता है। ऋणी(ओं) का विवरण, मांग नोटिस की तिथि तक देय राशि और ऋण राशि के पुनर्भुगतान के लिए दी गई सुरक्षा निम्नानुसार है:-

| ऋणकर्ता/ गारंटर का नाम | मांग नोटिस दिनांक और राशि | सुरक्षित परिसंपत्ति (अचल संपत्ति) का विवरण |
|---|---|---|
| श्री अमित सेन श्रीमती रितु सेन एवरग्रीन मेन्स पार्लर (प्रोस्पेक्ट नं. IL10446183) | 10-जून-2026, रू. 14,88,914/- (चौदह लाख अठासी हजार नौ सौ चौदह मात्र) | यह प्रॉपर्टी जमीन का एक प्लॉट है, जो खसरा नंबर 9/9, पीएच नं. 17, ग्राम-हिरदेपुर, तहसील दमयंतीनगर (दमोह), ज़िला दमोह, मध्य प्रदेश, 470661 से संबंधित है। प्रॉपर्टी का क्षेत्रफल (वर्ग फीट में): 1000 है। |

अगर बताए गए उधारकर्ता IIFL HFL को ऊपर बताए अनुसार पेमेंट नहीं करते हैं, तो IIFL HFL ऊपर बताई गई सुरक्षित संपत्तियों के खिलाफ उस एक्ट की धारा 13(4) और लागू नियमों के तहत कार्रवाई कर सकता है। यह पूरी तरह से उधारकताओं के जोखिम, खर्च और नतीजों पर होगा। ज्यादा जानकारी के लिए कृपया अधिकृत अधिकारी से संपर्क करें: ब्रांच ऑफिस: 225, नेपियर टाउन, दूसरी मंज़िल, चंद्रिका टावर्स के सामने, शास्त्री ब्रिज रोड, जबलपुर - 482001। कॉर्पोरेट ऑफिस: IIFL टावर, प्लॉट नंबर 98, उद्योग विहार, फेज-IV, गुड़गांव, हरियाणा।

स्थान: जबलपुर
दिनांक: 08.07.2026

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी
आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड के लिए